प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 20.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया 6 हजार 450 करोड़ रुपये का तृतीय अनुपूरक बजट, ग्रामीण आधारभूत संरचना, सामाजिक कल्याण, ऊर्जा, को प्राथमिकता।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा में की बड़ी घोषणा, कहा–राज्य सरकार अंगदान के लिए बनायेगी नया कानून।**
3. **केंद्रीय गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव रांची दौरे पर, डीजीपी तदाशा मिश्रा के साथ की नए आपराधिक कानूनों पर उच्चस्तरीय बैठक।**
4. **राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रचार अभियान अंतिम चरण में, कल शाम थम जायेगा चुनाव प्रचार का शोर।**

और

5. **राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार गिरिडीह के मधुबन में बाहा पर्व में हुए शामिल, कहा–सरकार संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध।**

****

विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 6 हजार 450 करोड़ का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया। ग्रामीण आधारभूत संरचना, सामाजिक कल्याण, ऊर्जा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक जरूरतों को प्राथमिकता दी गयी है। सबसे अधिक 790 करोड़ रुपए महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के लिए आवंटित किया गया है। अनुपूरक बजट में वित्तीय देनदारियों के लिए भी अतिरिक्त फंड की मांग की है।

****

भोजनावकाश के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अंगदान के लिए नया कानून बनाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोगों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2050 तक झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

****

निर्वाचन आयोग द्वारा अप्रैल से विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के निर्देश पर झारखंड में राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन ने इसे वोट काटने की साजिश बताया है। स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में एसआईआर का पुरजोर विरोध किया जायेगा।

इधर भाजपा ने इसे मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए जरूरी कदम मानकर समर्थन किया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे पारदर्शी चुनाव के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि इससे मृत, स्थानांतरित और अवैध मतदाताओं के नाम हटेंगे।

****

हजारीबाग में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने दिल्ली के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में हुए हंगामे पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के इशारे पर यूथ कांग्रेस ने हंगामा कर वैश्विक मंच पर भारत की छवि खराब की है।

****

केंद्रीय गृह मंत्रालय की संयुक्त सचिव निष्ठा तिवारी ने आज रांची में डीजीपी तदाशा मिश्र के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इसमें नए आपराधिक कानूनों–भारतीय न्याय संहिता और नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रभावी

कार्यान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में ई–साक्ष्य ऐप के उपयोग और मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।

****

राज्य में नगर निकाय चुनाव का प्रचार अंतिम चरण में पहुंच गया है। कल शाम प्रचार का शोर थम जायेगा। इस कड़ी में आज रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मानगो नगर निगम क्षेत्र में एनडीए समर्थित प्रत्याशी संध्या सिंह के समर्थन में पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने हेमंत सरकार पर तीखा हमला बोला।

उधर, सरायकेला में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुमित चौधरी के समर्थन में मोर्चा संभाला। मुंडा ने प्रबुद्ध अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर चौधरी को युवा और ऊर्जावान उम्मीदवार बताया और उनके पक्ष में मतदान की अपील की।

****

जमशेदपुर के जुगसलाई निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रिंकू सिंह के समर्थन में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रोड शो किया। उन्होंने अल्पसंख्यक की परिभाषा पर नई बहस की मांग की और राज्य सरकार पर वोट बैंक की राजनीति व घुसपैठियों को संरक्षण देने का कड़ा आरोप लगाया।

****

राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह के मधुबन में बाहा पर्व में शामिल होते हुए एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मरांग बुरु की भव्य पूजा के लिए राज्य सरकार अगली बार और अधिक राशि उपलब्ध कराएगी। उन्होंने जोर दिया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की संस्कृति और भाषा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

****

राज्य में फरवरी के तीसरे सप्ताह में ही गर्मी बढ़ गई है। चाईबासा 33 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म रहा, वहीं जमशेदपुर में 32 दशमलव 5डिग्री सेल्सियस और रांची में 29 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो–तीन दिनों में पारा 2 डिग्री और चढ़ सकता है, हालांकि रातों में अभी हल्की ठंड बरकरार है।

****

झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कबड्डी संघों ने मिलकर जेबीसी कबड्डी लीग को मंजूरी दे दी है। इस लीग का पहला सीजन 2026 की पहली छमाही में खेला जाएगा, जिसमें तीन राज्यों की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इस पहल से स्थानीय खिलाड़ियों को नेशनल स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने और प्रोफेशनल अनुभव प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

********समाप्त*********